कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.03.2025

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व मे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0094/2025 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद निवासी कोइलो थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-17.03.2025 को समय करीब 12.18 बजे मोहाँव चौराहा थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 16.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने विपक्षी सुजीत कुमार द्वारा वादी की नाबालिग चचेरी बहन उम्र करीब 15 वर्ष को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0सं0-0094/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 महेश जायसवाल द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सुजीत कुमार पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद निवासी कोइलो थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- मोहाँव चौराहा थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-17.03.2025 को समय करीब 12.18 बजे।

बरामदगी का विवरण-
मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 15 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-
1- मु0अ0सं0 0094/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 महेश जायसवाल थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी ।
2. हे0का0 कौशल यादव थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी ।
3. म0का0 रंजना सरोज थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।